उत्तर प्रदेश सरकार
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा काम्पलेक्स, 19सी विधानसभा मार्ग,
उ0प्र0,लखनऊ - 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2236172 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2016 के अन्तर्गत आनलाइन परीक्षा के अन्तर्गत प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के सम्बन्ध में

विज्ञप्ति

संख्याःपीआरपीबी-अनु-6-प-18/2016 (III) दिनांकः अप्रैल 09 ,2018

उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2016 के अन्तर्गत कुल 3307 पदों को भरे जाने हेतु परीक्षा दिनांक 12-12-2017 से 23-12-2017 के मध्य आयोजित की गयी थी। आनलाइन परीक्षा के आधार पर प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों को दिनांक 02-01-2018 को बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुये दिनांक 09-01-2018 तक अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की गयीं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करके दिनांक 08-03-2018 को संशोधित प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों की सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गयी।

2- उक्त संशोधन के उपरान्त भी कई प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में स्पष्ट त्रुटियां पायी गयीं, जिसका परीक्षण/निराकरण बोर्ड द्वारा पुन: कराया गया। इन त्रुटियों के परीक्षण/निराकरण के उपरान्त गलत प्रश्नों/उत्तर विकल्पों का विस्तृत विवरण/सूची अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुये प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में दिनांक 29-03-2018 से दिनांक 01-04-2018 तक पुन: आपत्तियां आमंत्रित की गयीं।

3- इस प्रकार प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण/निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। आपत्तियों के परीक्षण/निराकरण के उपरान्त प्रश्नगत चयन के अन्तर्गत अग्रेतर कार्यवाही सप्ताहांत तक संभावित है।

09/4/18

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।